प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 30.05.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. लोकसभा चुनाव के सातवें चरण के लिये चुनाव प्रचार आज शाम हुआ समाप्त : आखिरी दिन रक्षामंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह समेत सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कीं जनसभाएं।
2. आखिरी चरण के मतदान के लिये कल मतदेय स्थलों को रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां : सभी मतदान कर्मियों को हीट स्ट्रोक से बचाने के लिये दी जायेंगी मेडिकल किट।
3. सपा नेता आज़म खान को रामपुर की एमपी एमएलए कोर्ट ने आज चर्चित डूंगरपुर मामले में 10 साल की सजा सुनाई : 14 लाख जुर्माना भी लगाया।

और

4. पुडुचेरी की उप राज्यपाल किरण बेदी और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने आज अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में किय रामलला के दर्शन।

———————

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के सातवें और आखिरी चरण की 13 सीटों पर मतदान के लिए प्रचार के आखिरी दिन विभिन्न राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारकों और नेताओं ने अपनी अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के लिए प्रचार किया। इसो क्रम में रक्षामंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ

सिंह ने आज कुशीनगर, राबर्ट्सगंज और चंदौली निर्वाचन क्षेत्रों में पार्टी प्रत्याशियों को जिताने की अपील की। वहीं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता मोहन यादव ने आज कुशीनगर, राबर्ट्सगंज में रोड–शो किया। दूसरी ओर समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने आज महराजगंज और घोसी लाकसभा क्षेत्र में जनसभा कर इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों के लिये वोट मांगे।

सातवें चरण में उत्तर प्रदेश की 13 संसदीय सीटों महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर और राबर्ट्सगंज समेत दुद्धी विधानसभा उपचुनाव के लिये एक जून को मतदान होगा। इन सभी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिये कुल 144 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। इनमें 134 पुरूष और दस महिला प्रत्याशी शामिल हैं। वहीं सोनभद्र की दुद्धी विधानसभा उपचुनाव में छह प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट..........

*सातवें चरण की यह 13 सीटें प्रदेश के पूर्वांचल इलाके में आती है। इसको देखते हुए सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम किये गये हैं। विशेषतौर सोनभद्र जिले में जिसकी सीमाएं बिहार, झारखंड, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ चार राज्यों से भी मिलती है। गोरखपुर और कुशीनगर जिले की पड़ोसी देश नेपाल अतंर्राष्ट्रीय सीमा पर एसएसबी के जवान गहनता से जांच कर रहे हैं। विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं को लोकसभा क्षेत्र को छोड़कर जाने को कह दिया गया है, जो वहां के वोटर नहीं है। जिन 13 सीटों पर शनिवार को मतदान होगा उनमें से 11 सीटें पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा ने जीती थी। वहीं घोसी और गाजीपुर सीट पर विपक्षी दलों का*

*कब्जा था। आखिरी चरण के मतदान में कई दिग्गज उम्मीदवारों की प्रतिष्ठा दांव पर है। जिसमें मौजूदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रवि किशन, केन्द्रीय मंत्री महेन्द्रनाथ पाण्डेय, पंकज चौधरी और अनुप्रिया पटेल के अलावा प्रमुख विपक्षी उम्मीदवार अजय राय, अफजाल अंसारी, पिंटू सैंथवार, वीरेन्द्र चौधरी, सनातन पाण्डेय और रमेश बिंद शामिल है। सुशील चन्द्र तिवारी, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।*

————————

**लोकसभा चुनाव के सातवें और आखिरी चरण के लिये चुनाव प्रचार आज शाम समाप्त हो गया। प्रदेश में आखिरी चरण में 1 जून को 13 लोकसभा सीटों के साथ ही दुद्धी विधानसभा सीट पर उपचुनाव भी होगा। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सातवें चरण के मतदान को सकुशल, निष्पक्ष और शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने के लिये कल मतदेय स्थलों के लिये पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी। इसके लिये सातवें चरण के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को समय से पोलिंग पार्टियों को रवाना करने के निर्देश दिये गये हैं। इसके साथ ही पोलिंग पार्टियों को रवाना करने से पहले सभी मतदान कर्मियों को हीट स्ट्रोक से बचने और स्वास्थ्य के दृष्टिगत मेडिकल किट उपलब्ध कराने को कहा गया है। इसके अलावा मतदान केन्द्रों और मतदेय स्थलों पर जरूरी सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिये गये हैं। श्री रिणवा ने आखिरी चरण के मतदाताओं से बढ़चढ़ कर मतदान करने की अपील की है। बाइट........**

*लोगसभा समान्य निर्वाचन 2024 के 7 चरण में एक जून को उत्तर प्रदेश के 13 लोगसभा निर्वाचन क्षेत्रों मतदान होगा। इन क्षेत्रों के सभी मतदाताओं से अनुरोध है कि लोकतंत्र के इस पर्व में बढचढ़ कर हिस्सा ले और अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।*

———————

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन किया। इस दौरान उनके पारिवारिक जन भी उपस्थित रहे। इस मौके पर श्री शाह ने उपस्थित दर्शनार्थियों से भी मुलाकात की।

———————

पूर्व कैबिनेट मंत्री और सपा नेता आज़म खान को रामपुर की एमपी एमएलए कोर्ट ने चर्चित डूंगरपुर मामले में 10 साल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने आजम खान को दोषी मानते हुए उन पर 14 लाख जुर्माना भी लगाया है। एमपी एमएलए कोर्ट ने आजम खान को कल दोषी करार देते हुए फैसला सुरक्षित कर लिया था। अभी आजम खां सीतापुर जेल में बंद हैं। जेल से ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उनकी पेशी हुई थी। साल 2016 में डूंगरपुर बस्ती में रह रहे लोगों के मकान तोड़कर सरकारी आसरा कॉलोनी बनाई गई थी। साल 2019 में 12 लोगो ने थाना गंज कोतवाली में इस मामले में अलग–अलग प्राथमिकी दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप था कि तत्कालीन सपा सरकार में

आजम खां के इशारे पर घरों को जबरन खाली कराया गया था।

——————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

——————————

पुडुचेरी की उप राज्यपाल किरण बेदी और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने आज अयोध्या के श्रीरामजन्म भूमि मंदिर में रामलला के दर्शन किये। उप राज्यपाल किरण बेदी ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि आज रामलला के दर्शन करने का मौका मिला। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी  और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पहले की अयोध्या और आज की अयोध्या में काफी अंतर आ गया है। यह हमारा सौभाग्य है कि रामलला के भव्य मंदिर का निर्माण हुआ है।

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने आज हनुमानगढ़ी और रामलला के दरबार में हाजिरी लगाने के बाद कहा कि अयोध्या आकर खुशी हो रही है। उन्होंने बताया कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार वह प्रभु का दर्शन करने पहुंचे हैं। कन्याकुमारी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मेडिटेशन पर उठाए जा रहे सवाल पर उन्होंने कहा कि ध्यान लगाना और प्रार्थना करना हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। यह हमारी संस्कृति है लेकिन विपक्षी दलों को इसमें भी राजनीति नजर आती है।

——————————

प्रदेश में लू और तेज गर्मी ने पिछले सभी पुराने रिकार्ड तोड़ दिये हैं। मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश में झांसी में अधिकतम तापमान 49 डिग्री सेल्सियस पहुंचने के बाद पिछला रिकार्ड टूट गया है। इससे पहले 1984 में झांसी में अधिकतम तापमान 48 दशमलव दो डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। इसी तरह प्रयागराज में कल अधिकतम तापमान 48 दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इससे पहले जून 1979 में इतना तापमान प्रयागराज में दर्ज किया गया था। लखनऊ मौसम केन्द्र वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया कि तापमान में अब और बढ़ात्तरी नहीं होगी, बल्कि आने वाले दिनों में अधिकतम तापमान में कमी आयेगी। बाइट..........

*अभी तक का सबसे हाई एस्ट टेंप्रेचर झांसी में 49 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया इससे पहले 1984 में 48.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। इसी तरीके से अगर हम बात करें तो पूरे बुन्देलखंड रीजन में तापमान में बढ़ोत्तरी हुई और ये पिछले 50 सालों का या आल टाइम हाई टेंप्रेचर इस वक्त दर्ज किया गया। बुंदेलखंड रीजन का जो सदन पोर्शन था उत्तर प्रदेश में वहाँ पिछले 3–4 दिनों से भीषण गर्मी का प्रकोप जारी था लेकिन तापमान में जैसे कुछ बादलों की आवाजाही हुई जैसे जो पश्चिमी विंड थी वो धीरे धीरे थोड़ा सा कमजोर पढ़ रही हैजिसके वजह से तापमान में गिरावट शुरू हो गया 2–3 डिग्री, लेकिन अभी भी हीट वेव या लू का बर्निंग है जो कि कल तक रहेगा उसके बाद जो चेतावनी है वो धीरे धीरे समाप्त हो जायेगा।*

———————————

दुनिया भर में तम्बाकू के सेवन से हो रहे नुक्सान के प्रति जागरूकता फैलाने के लिये हर वर्ष विश्व तम्बाकू निषेध दिवस 31 मई को मनाया जाता है। इसी क्रम में लखनऊ के केजीएमयू के पल्मोनरी एंड क्रिटिकल केयर विभाग में आज प्रेसवार्ता कर तम्बाकू के सेवन और धूम्रपान से सेहत को होने वाले गम्भीर नुक्सानों के बारे में जानकारी दी गई। पल्मोनरी एंड क्रिटिकल केयर विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. वेद प्रकाश ने बताया कि भारत में लगभग 26 करोड़ लोग तम्बाकू का सेवन करते हैं, जिससे हर साल देश में लगभग 12 लाख मौतें होती हैं। बाइट..........

*31 माई हर वर्ष दुनियाभर में वर्ल्ड नो टोबेको डे के नाम से मनाया जाता है और इसकी आवश्यकता इसलिए हुई कि 80 लाख से ज्यादा मौतें दुनिया भर में प्रति वर्ष तबाकू की सेवन की वजह से हो रही हैं और 14*

*लाख करोड का एकोनोमिक वर्डन दुनिया भर मे इस वजह से देखने को मिल रहा है तो एक बडी समस्या हमारे बीच में है।*

———————————

**आज हिंदी पत्रकारिता दिवस है। हिन्दी पत्रकारिता की यात्रा 30 मई 1826 में पंडित जुगल किशोर शुक्ल द्वारा शुरू किए गए प्रथम हिन्दी समाचार पत्र "उदन्त मार्तण्ड" के प्रकाशन से प्रारम्भ हुई। यह दिन सत्य और साहस के साथ जनकल्याण के उद्देश्य से कार्य करने वाले हिंदी पत्रकारों के विशेष योगदान को समर्पित है। उदन्त मार्तण्ड का हिन्दी प्रकाशन भारतीय पत्रकारिता के इतिहास में एक मील का पत्थर साबित हुआ।**

(समाप्त)